आयोजन | मंदिर में दद्दा जी की विग्रह की होगी स्थापना, भजन गायक संजो बघेल देंगी भक्ति रस की प्रस्तुति

# पांच दिवसीय दद्दा जी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आज से



**नवभारत, कटनी।** दद्दा धाम परिसर में रविवार से शुरू हो रहे पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव धार्मिक उत्साह और श्रद्धा के माहौल में मनाया जाएगा। मंदिर में दद्दा जी के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होगी। पूरे परिसर को आकर्षक विद्युत सजावट और पुष्प मालाओं से सजाया गया है। शिष्य मंडल, श्रद्धालु और सेवकगण तैयारियों में जुटे हुए हैं। समिति के सदस्यों के अनुसार, महोत्सव की शुरुआत रविवार सुबह 8 बजे पार्थिव शिवलिंग निर्माण से होगी। इसके बाद 12 बजे महा रुद्राभिषेक संपन्न किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। रुद्राभिषेक के के बाद महाभंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी भक्तगण प्रसाद ग्रहण करेंगे। भक्ति रस से ओतप्रोत माहौल में प्रसिद्ध भजन गायिका संजो बघेल सुबह 8 बजे से अपने भजनों की प्रस्तुति देंगी। उनकी सुरीली आवाज में शिव शंकर की महिमा जय दद्दा जी महाराज जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठेंगे। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि पांच दिनों तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें हवन, पूजन, कथा और संकीर्तन शामिल हैं। महोत्सव के पूर्व संध्या पर शनिवार शाम श्री बजरंग बाल रामायण समाज द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया है। इसके साथ ही परंपरा के अनुसार शिव के प्राथमिक स्वरूप में गोलियां काटने की विधि संपन्न की गई। इस अवसर पर मंदिर में काफी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। समिति द्वारा सुरक्षा और सुविधा की विशेष व्यवस्था की गई है। दद्दा जी मंदिर प्रबंधन समिति ने समस्त श्रद्धालुओं से कहा है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस धार्मिक महोत्सव को सफल बनाएं और दद्दा जी महाराज की कृपा प्राप्त करें। कार्यक्रम को तैयारियों की भी लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। शनिवार विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने पंडाल सहित आवागमन के रास्तों को देखा और श्रद्धालुओं की भीड़ के प्रबंधन को लेकर चर्चा की। कार्यक्रम स्थल पर अतिरिक्त पुलिस अ धीक्षक डॉ संतोष डेहरिया भी पहुंचे। उनके साथ माधवनगर थाना प्रभारी संजय दुबे और यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडेय भी पहुंचे थे।

पुलिस अधिकारियों ने विधायक संजय पाठक के साथ मिलकर कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और श्रद्धालुओं की भीड़ प्रबंधन को लेकर चर्चा की। कार्यक्रम स्थल पर एक ओर से आने और एक जाने के की आवागमन व्यवस्था बनाए जाने पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा महिला श्रद्धालुओं के अलग से पंडाल बनाए जाने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान दद्दा शिष्य मंडल के सदस्य मौजूद रहे।



# पहचान बदलकर मुंबई में छिपा था हत्या का आरोपी

**पुलिस ने दस हजार रूपए के इनामी आरोपी को पकड़ा**

**नवभारत, कटनी।** बरही थाना क्षेत्र से हत्या के मामले में सात साल से फरार चल रहे दस हजार रूपए के इनामी आरोपी को पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बरही थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव ने बताया 4 जुलाई 2018 को दर्ज किए गए हत्या के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन बरही थाना क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी एक आरोपी राजाराम पिता रामाधार तिवारी (35) वारदात के बाद से फरार चल रहा था। आरोपी की तलाश में लगातार पुलिस टीम उसके संभावित ठिकानों में दबिश दे रही थी, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल रहा था, आरोपी पर दस हजार रूपए का इनाम भी घोषित किया गया था। इस बीच जानकारी मिली कि फरार आरोपी मुंबई में अपनी पहचान छिपाकर वहां पर कार्य कर रहा है। जिसके बाद पुलिस टीम को मुंबई भेजा गया। जहां से पुलिस टीम ने आरोपी राजाराम तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है। फरार ईनाम आरोपी को पकड़ने में बरही थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह यादव खितौली चौकी प्रभारी ऋषभ सिंह बघेल, आरक्षक अंकित बड़गैंया दिलीप कोल, अजय साइबर सेल सैनिक बृजेश सिंह की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया और विजयराघवगढ़ एसडीओपी वीरेन्द्र धार्वे के मार्गदर्शन में की गई है। बतादें की पुलिस द्वारा अपराधिक मामलों में फरार चल रहे आरोपियों को पकड़ने के लिए धरपकड़ अभियान चला रही है।

## एक नजर में



### मिलीभगत कर भूमि का नियम विरुद्ध नामांतरण

**नवभारत, बरही।** उमरिया जिले के मानपुर तहसील के ग्राम अमरपुर और बड़छड़ में शासकीय भूदान धारकों की भूमि पटवारी और दलालों द्वारा विक्रय करवाई जा रही है और नियम विरुद्ध धड़ल्ले से नामांतरण भी किए जा रहे हैं। हाल ही में अमरपुर में खसरा नंबर 1184,1185,1204 और 1205 की भूमि जो की आवंटन की थी लगभग 50 एकड़ भूमि में से 12 एकड़ भूमि विक्रय कर नामांतरण कर दिया गया है। जिस पर प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराया गया है ताकि गरीबों की जमीन औने पौने दाम में नहीं बिके और बिकी हुई जमीनें दोबारा यथावत उनके नाम पर नामांतरण हो सकें।

### लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए होगा लेखा प्रशिक्षण

**नवभारत, बरही।** जबलपुर संभाग के समस्त शासकीय कार्यालयों के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए लेखा प्रशिक्षण के नवीन सत्र के लिए शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर द्वारा आवेदन मांगे गए हैं। यह प्रशिक्षण सत्र 1 दिसंबर 2025 से शुरू होकर 15 फरवरी 2026 तक चलेगा। जबलपुर संभाग के अंतर्गत ऐसे नियमित लिपिक वर्गीय कर्मचारी जो अनिवार्य अर्हता पूरी करते हों, नियमित सेवा अवधि का एक वर्ष पूरा कर लिए हों, 21 नवंबर 2025 शाम 5 बजे तक कार्यालय प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर, सुपर मार्केट तीसरी मंजिल गंजीपुरा रोड जाकर आवेदन कर सकते हैं। मप्र शासन के सभी विभागों के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए यह प्रशिक्षण नि:शुल्क है। जबकि अर्द्धशासकीय, निगम, मंडल और निकाय के कर्मचारियों को प्रवेश के समय 2 हजार रूपए का प्रशिक्षण शुल्क चालान के माध्यम से जमा करना होगा।

# शिक्षा की नींव मजबूत होगी तो छात्र रोशन करेंगे नाम

**जिला पंचायत सीईओ ने किया ढीमरखेड़ा क्षेत्र का निरीक्षण**



**नवभारत, उमरियापान।** जिला पंचायत की सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने ढीमरखेड़ा विकासखंड के ग्राम सिमरिया स्थित प्राथमिक स्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वे कुछ देर के लिए अध्यापिका बन गईं और कक्षा चौथी की छात्राओं शबनम, शिवानी और वंदना से सवाल जवाब कर उनकी पढ़ाई लिखाई की जानकारी ली। छात्राओं ने की बेबाकी और हाजिर जवाबी से प्रभावित होकर सीईओ ने उनकी पीठ थपथपाई और उनकी सराहना की। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई के महत्व पर चर्चा की और सरल भाषा में पाठ भी समझाया। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने उपस्थिति पंजी, शिक्षण रजिस्टर सहित अन्य दस्तावेजों को देखा। उन्होंने शिक्षकों को शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चे ही भारत के भविष्य निर्माता हैं । शिक्षा की नींव मजबूत होगी, तो वे अपने क्षेत्र और समाज का नाम रोशन करेंगे। जिला पंचायत सीईओ ने मध्यान्ह भोजन की भी जांच करते हुए दाल और सब्जी को बाल्टी में चम्मच चलाकर गुणवत्ता परखी। उन्होंने भोजन स्वच्छता से बनाने और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा सीईओ यजुवेंद्र कोरी और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं का पुनर्गठन कर युवा कांग्रेस को करेंगे मजबूत

**कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने दी जानकारी**




**नवभारत, कटनी।** भारतीय युवा कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने शनिवार को पत्रकार वार्ता का आयोजन किया। आयोजित वार्ता में युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और नवनिर्वाचित प्रदेश सचिव दिव्यांशु मिश्रा अंशु ने अपने कार्यकाल में हुई उपलब्धियां बताईं। जिनमें उन्होंने करोना काल में जनसेवा, जनहित याचिका के माध्यम से जिला अस्पताल में सीटी स्केन मशीन, प्लाज़्मा मशीन सहित अन्य जन आंदोलनों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की सोच के कारण आज लोकतांत्रिक प्रक्रिया से कराए जा रहे संगठन चुनावों से देश भर में नया और मजबूत नेतृत्व निकल कर सामना आया है। जिले का नवनियुक्त नेतृत्व भी राहुल गांधी के बताए हुए रास्ते पर चल जनहितैषी कार्यों के माध्यम से कांग्रेस की सोच को घर-घर तक पहुंचाएगा। वोट चोरी के मुद्दे को भी घर-घर पहुंचाने की बात रखी और जिले में भाजपा के जन प्रतिनिधियों की कार्यकगुज़ारी को को भी लगातार उजागर करने की बात की। उन्होंने जिले के समस्त वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के प्रति चुनावों को शांतिपूर्ण तरीके से संचालित करने के लिए आभार व्यक्त किया। सभी पदाधिकारियों को पार्टी हित में कार्य करने की बात कही।

नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल द्वारा पूर्व अध्यक्ष अंशु मिश्रा के प्रति विशेष आभार ज्ञापित किया। उन्होंने बताया की अंशु मिश्रा के साथ छात्र राजनीति के समय से जुड़कर कई ज्वलंत मुद्दों पर संघर्ष किया है। जिले के छोटे से ग्राम से जिला अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद पर निर्वाचित हो सके हैं। उन्होंने तमाम वरिष्ठ नेताओं और युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के प्रति भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जिले के शिक्षित युवाओं के रोज़गार के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

साथ ही जनहित के मुद्दों पर कार्य किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में राष्ट्रीय प्रवक्ता सौम्या रंधेलिया, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शुभम मिश्रा प्रदेश सचिव अजय खटिक, शशांक गुप्ता, नवनियुक मुड़वारा विधानसभा अध्यक्ष सचिन गर्ग, बहोरीबद अध्यक्ष दीपक यादव, बड़वारा अध्यक्ष शैलेश जयसवाल, विजयराघवगढ़ अध्यक्ष शुभम साहू, ब्लॉक अध्यक्ष अनुराग दहिया, अंशुल राजपूत सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपसिति रहे।

# संगठन के कार्यों और जनहित की नीतियों को जनता तक पहुंचाएंगे

**हिन्द क्रांति पार्टी ने नियुक्त किया प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष**



**नवभारत, कटनी।** अखिल भारतीय हिन्द क्रान्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश त्रिपाठी के आदेश और प्रदेश अध्यक्ष पन्नालाल त्रिपाठी की अनुशंसा पर विवेक पाठक को पार्टी का प्रदेश युवा संगठन कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश त्रिपाठी ने विवेक पाठक को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस मौके पर बिहार के चुनाव प्रभारी राजकुमार बक्शी, प्रदेश महिला सचिव अर्चना सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश त्रिपाठी ने कहा कि पार्टी को सशक्त और जन-समर्थक बनाने के लिए युवाओं और समाजसेवियों की भूमिका अहम है। हमें विश्वास है कि विवेक पाठक अपने अनुभव और सक्रियता से पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएंगे। नवनियुक्त प्रदेश युवा संगठन कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष विवेक पाठक ने इस जिम्मेदारी के लिए पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

उन्होने कहा कि वे संगठन के कार्यों और जनहित की नीतियों और विचारधाराओं को अधिक पारदर्शिता और प्रभाव के साथ जनता तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों ने उन्हें पुष्पमालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया और पार्टी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# कोई छेड़छाड़ करे तो शोर मचाए, लोगों को बताएं

**पुलिस ने स्कूल में आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम**



**नवभारत, बहोरीबंद।** जिल के बहोरीबंद थाना क्षेत्र में मुस्कान विशेष अभियान के तहत स्कूल के छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के लिए पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बहोरीबंद थना प्रभारी अखलेश दाहिया द्वारा जेपीजी हायर सेकेंडरी स्कूल बहोरीबंद जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्रों को गुड टच -बैड टच की जानकारी दी। इसके साथ ही सुरक्षा संबंधी व्यवहारिक जानकारी भी दी गई। बाल विवाह, पॉक्सो अधिनियम, सायबर अपराध, सोशल मीडिया पर अनुचित सामग्री साझा करने के दुष्परिणाम और उससे संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी भी दी गई। छात्राओं को किसी भी प्रकार की समस्या या शोषण की स्थिति में डायल-112, महिला हेल्पलाइन 1090, बाल सहायता हेल्पलाइन 1098 और नजदीकी पुलिस थाना पर तत्काल संपर्क करने के लिए कहा। छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि जब भी आपके साथ कोई किसी भी प्रकार की घटना के लिए दुस्साहस करता है तो तत्काल विरोध करें। रास्ते में, बाजार में कोई छेड़छाड़ करता है तो तत्काल शोर मचाए और लोगों को बताएं।

# सीएसआर फंड की करें जांच, युवाओं को मिले रोजगार

**आम आदमी पार्टी ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन**



**नवभारत, कटनी।** आम आदमी पार्टी के नेतृत्व में बड़वारा तहसील कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार बड़वारा को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में जनता की वर्षों से लंबित प्रमुख समस्याओं और जनहित के मुद्दों को उठाया गया। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष अनिल सिंह सेंगर ने कहा कि बड़वारा की जनता किसान, मजदूर, महिलाएं और नौजवान सभी आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। सरकार ने वादे बहुत किए, लेकिन धरातल पर स्थिति जस की तस है। अब जनता चुप नहीं बैठेगी। जब तक न्याय नहीं मिलेगा, आंदोलन जारी रहेगा। ज्ञापन में किसानों से 31 सौ प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी का वादा करने, बिजली आपूर्ति, अल्ट्राटेक और जेके सीमेंट कंपनियों के सीएसआर फंड की जांच, स्थानीय युवाओं को रोजगार सहित अन्य मांगे शामिल है। इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शिव प्रताप सिंह परमार, जिला अध्यक्ष अनिल सिंह सेंगर, प्रकाश जैन, विनय पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मंगल भवन के पास बन रही मछली दुकान पर विवाद, स्थगन का आदेश

**ग्रामीणों की आपत्ति के बाद एसडीएम ने की कार्रवाई**



**नवभारत, बाकल।** बहोरीबंद जनपद की ग्राम पंचायत कुआं में शासन द्वारा स्वीकृत 15 लाख रुपए की लागत से निर्माणाधीन मंगल भवन के पास ग्राम पंचायत द्वारा मछली दुकान का निर्माण कराया जा रहा था। इस निर्माण कार्य का ग्रामवासियों और स्थानीय संगठनों ने विरोध किया। मछली दुकान रहवासी क्षेत्र और शासकीय उचित मूल्य की दुकान और निर्माणाधीन मंगल भवन के बाजू में बनाई जा रही थी। ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए श्रमजीवी पत्रकार संघ अध्यक्ष नवीन पप्पू उपाध्याय बहोरीबंद ने 5 नवंबर 2025 को एसडीएम बहोरीबंद को ज्ञापन सौंपकर निर्माण कार्य को तत्काल रोकने की मांग की थी। जिसका संज्ञान लेते हुए एसडीएम बहोरीबंद ने संबंधित स्थल की जांच के लिए हल्का पटवारी से प्रतिवेदन प्राप्त किया। जांच में पाया गया कि ग्राम कुआं, पटवारी हल्का नंबर 54, खसरा नंबर 233 रकबा 0.20 हेक्टेयर की चारागाह भूमि के एक हिस्से पर पिलर बीम और ईंट जुड़ाई का कार्य चल रहा था। ग्रामवासियों ने भी निर्माण पर आपत्ति दर्ज कराई थी। जांच रिपोर्ट के आधार पर एसडीएम बहोरीबंद ने आदेश जारी करते हुए कहा कि शिकायत के निराकरण और आगामी आदेश तक वहां पर हो रहे मछली दुकान के निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से रोक दिया जाए। वहीं, ग्रामीणों ने मांग की है कि मछली दुकान का निर्माण किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर कराया जाए।

बैठक | जिला जल स्वच्छता समिति की बैठक में कलेक्टर ने की कार्यों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश

# निर्धारित समय में कार्य पूरा नहीं करने वाली एजेंसी की भेजें रिपोर्ट, ठेकेदार को भी करें तलब



**नवभारत, कटनी।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला जल स्वच्छता समिति की बैठक में कलेक्टर आशीष तिवारी ने ग्राम पंचायतों को जल प्रदाय योजनाओं को हैंड ओवर करने की प्रक्रिया में शासन द्वारा तय मानकों का कड़ाई से पालन करने के लिए कहा। साथ ही पूरा और दो वर्ष से लंबित जलप्रदाय योजनाओं का संबंधित जनपद पंचायत के सीईओ और पीएचई विभाग द्वारा एक सप्ताह में संयुक्त निरीक्षण कर पूरा जल प्रदाय योजनाओं का पंचायतों को हैंडओवर कराएं। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर भी मौजूद रहीं। कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रगतिरत नलजल योजनाओं मे शेष बचे हुए कार्यो का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मैदानी अमला, कार्य एजेन्सी इन प्रगतिरत ग्रामों को पूरा कर शासन द्वारा निर्धारित हस्तांतरण के दिशा-निर्देश के अनुसार जल प्रदाय योजना संबंधित ग्राम पंचायत को हस्तांतरित करते हुए पंचायत को हर-घर जल घोषित प्रमाणीकरण का कार्य किया जाना तय करें। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देशित किया कि पिछले एक-दो महीने से ट्रायलरन में संचालित योजनाओं की सूची तैयार कर जिला पंचायत सीईओ को उपलब्ध कराएं। जिससे हस्तांतरण कार्य में गति आ सके। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देशित किया कि अपने स्तर पर सभी ठेकेदारो को पत्र के माध्यम से निर्धारित समय अवधि में जल जीवन मिशन के अंतर्गत शेष कार्यो को पूरा करने के लिए निर्देशित करने की हिदायत दी। कलेक्टर ने कहा कि जिस कार्य एजेन्सी द्वारा इन कार्यो को समय-सीमा में पूरा नहीं किया जाता और लापरवाही बरती जा रही है, उस कार्य एजेन्सी की रिपोर्ट प्रस्तुत कर आगामी एक महीने में समीक्षा बैठक दोबारा बुलाई जाए और इस बैठक में ठेकेदारो की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना ग्राम पंचायत को हस्तांतरित हैं और संचालन संधारण ग्राम पंचायत द्वारा किया जा रहा है तो अंशदान की राशि, पेयजल शुल्क वसूलने की कार्रवाई किया जाना तय करें और पंचायत दर्पण पोर्टल पर प्रविष्टी कराने के निर्देश सभी ग्राम पंचायतो को दें। जिला जल और स्वच्छता समिति की बैठक मे विकासखंड बहोरीबन्द के 32 अप्रारम्भ ग्रामों मे पेयजल व्यवस्था के लिए कूड़न जलाशय से जल निगम मर्यादित पन्ना को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग, जल निगम मर्यादित पन्ना को आपसी समन्वय बनाते हुए प्रस्ताव तैयार कर राज्य शासन को भेजने के निर्देश दिए।

# सचिव पर पंचों ने लगाए वित्तीय अनियमितता के आरोप



**नवभारत, उमरियापान।** ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सिलौड़ी के चार पंचों ने वित्तीय प्रभार सचिव गुमान सिंह बागरी पर गंभीर आरोप लगाते हुए जनपद सीईओ को अपना इस्तीफा भेजा था। जिस पर जनपद पंचायत सीईओ यजुवेंद्र कोरी ने तत्काल ही जनपद पंचायत से जांच अधिकारी को ग्राम पंचायत सिलौड़ी भेजा। जांच अधिकारी ने ग्राम पंचायत सिलौड़ी के पंच नितिन राय, पुनीत सेन, श्याम दत्त राय, राजेश राय ने अपने-अपने कथन में वित्तीय प्रभार में सचिव गुमान सिंह बागरी पर पंचों से दुर्व्यवहार करने, पंचों की बैठक नहीं करने, पंचों की अनदेखी करने सहित वित्तीय अनियमितता के गंभीर आरोप लगाए। आरोपों की जांच की जा रही है।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्राशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024